सीहोर के शाहगंज को मिली नई सौगात, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किया सांदीपनी विद्यालय का लोकार्पण

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान बुधनी में यादव समाज के प्रतिभा सम्मान समारोह में शामिल हुए

सवेरा न्यूज़

भोपाल, 30 जनवरी : केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण व ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान शुक्रवार को अपने संसदीय क्षेत्र विदिशा के प्रवास पर थे। शिवराज सिंह ने शाहगंज में नवनिर्मित शासकीय सांदीपनी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का लोकार्पण किया। वहीं बुधनी में आयोजित यादव समाज के प्रतीभा सम्मान समारोह में भी शिवराज सिंह चौहान ने शिरकत की। इस दौरान केन्द्रीय मंत्री ने बच्चों को अपने बचपन से जाप किए जाने वाले गायत्री मंत्र का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि, ओम- परमात्मा या भगवान का नाम है। 'भू' जीवन देने वाला है, 'भुंवः' दुःख दूर करने वाला, और 'स्वः' सुख देने वाला है। 'तत्सवितुर्वरेण्यं' का मतलब है कि, तेरे अलावा और कौन है जिसे मैं भजूं। 'भर्गो देवस्य धीमहि' का अर्थ है मैं तेरे तेजस्वी स्वरुप का ध्यान करता हूं, और 'धियो यो नः प्रचोदयात' का मतलब है मेरी बुद्धि को अच्छे मार्ग पर ले चल। वहीं शिवराज सिंह ने छात्रों से अपील करते हुए कहा कि, वो इस मंत्र का जाप करें और इसका अर्थ समझें, ताकि उनके जीवन में सही दिशा और बुद्धि का विकास हो सके।

हर बच्चे में अपार क्षमता है

केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, हम केवल भौतिक शरीर नहीं हैं। यह संसार, यह धरती, पृथ्वी, ब्रह्मांड बहुत बड़ा है। एक सूरज, एक चंद्रमा ही नहीं, बल्कि कई ग्रह, नक्षत्र, तारे, मंगल, गुरु, शुक्र और अनगिनत आकाशगंगाएँ हैं। इसे संचालित करता है एक परमपिता परमात्मा, और हमें उससे अपना रिश्ता जोड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि, हम एक बूंद हैं, अगर हम सागर में मिल जाएँ तो समुद्र बन जाते हैं। मैं भी जुड़ने की कोशिश करता हूँ। बेटा-बेटियों, तुम भी जुड़ने की कोशिश करो। हम केवल हाड-मांस के पुतले नहीं हैं। हर व्यक्ति ईश्वर का अंश है, अमृत का पुत्र या पुत्री है, अनंत शक्तियों का भंडार है और अमर आनंद का भागी है।

टॉपर्स को प्रेम सुंदर सम्मान

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपने संसदीय क्षेत्र के दसवीं और बारहवीं के छात्रों के लिए विशेष योजना की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि इस साल के बोर्ड परिणामों में फर्स्ट, सेकंड और थर्ड रैंक पाने वाले छात्रों को माता-पिता के नाम पर ह्यप्रेम सुंदर सम्मानह्न से सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि, छात्रों के लिए सम्मान निधि के रूप में आर्थिक सहायता भी उपलब्ध कराई जाएगी, जिसका इस्तेमाल वे अपनी आगे की पढ़ाई में कर सकेंगे। ये योजना इस साल की दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परिणामों से लागू होगी। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, इससे होड़ लग जाएगी कि कौन आगे आए। मेहनत से पढ़ो और आगे बढ़ो। मेरी अनंत शुभकामनाएं और आशीर्वाद हमेशा तुम्हारे साथ हैं। शिवराज सिंह ने कहा कि, मैं नेता नहीं हूँ, मैं तुम्हारा मामा हूँ, जो तुम्हें प्यार करता है और तुम्हारे जीवन को बेहतर बनाने की कोशिश करता है, ताकि तुम देश और प्रदेश के काम आ सको। वहीं शिवराज सिंह चौहान ने अपने संसदीय क्षेत्र में दिव्यांग, स्ट्रीट वेंडर और कारीगरों के लिए भी योजनाओं की घोषणा करते हुए कहा कि, अपने क्षेत्र के सभी दिव्यांगों को मोटराइज्ड साइकिल दी जाएगी, ताकि उन्हें यात्रा में कोई कठिनाई न हो। इसके अलावा, जो लोग सरकारी योजनाओं के लाभ से अभी तक वंचित हैं, उन्हें योजनाओं से जोड़ने का काम करेंगे। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि विकास कार्यों की गति तेज रहेगी और घर निर्माण, सड़क निर्माण जैसी परियोजनाओं में भी तेजी लायी जाएगी।

सर्व-सुविधायुक्त है सांदीपनी स्कूल

केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि सांदीपनी स्कूल सर्व सुविधा युक्त है और यहाँ पढ़ाई के साथ-साथ खेल, कला और संगीत की भी पूरी व्यवस्था है। स्कूल में मल्टीपरपस हॉल, 50 सीटर कॉन्फ्रेंस रूम, मॉड्युलर फिजिक्स, केमिस्ट्री और मैथमेटिक्स लैब, सीनियर और जूनियर कंप्यूटर लैब, कला और संगीत कक्ष उपलब्ध हैं। इसके अलावा यहाँ सीनियर और जूनियर लाइब्रेरी, स्टाफ रूम, प्रिंसिपल और हेड मास्टर के कमरे भी हैं। सुरक्षा और स्वच्छता का पूरा ध्यान रखा गया है। स्कूल में अग्निशमन प्रणाली, मिड-डे मील भवन और मॉड्युलर किचन, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, बायो डाइजेस्टर, हॉर्टिकल्चर व्यवस्था सहित ट्रांसफार्मर गेट, पार्किंग, कंक्रीट सड़कों और पानी निकासी की सुविधा है। उन्होंने कहा कि, स्कूल में रनिंग ट्रैक, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, कबड्डी और खो-खो के मैदान बनाए गए हैं। उन्होंने कहा, पढ़ाई के साथ खेल भी जरूरी है। खेल शरीर को स्वस्थ रखते हैं, मन को प्रसन्न बनाते हैं और व्यक्तित्व का विकास करते हैं। सभी क्लासरूम, स्टाफ रूम और लैब में स्मार्ट क्लास, नया फर्नीचर, लैब उपकरण और सोलर पैनल की व्यवस्था भी है। केन्द्रीय मंत्री ने प्रिंसिपल और स्कूल स्टॉफ के प्रयासों की सराहना की।

यदुवंश के पास गौपाल, गौ-माता और गीता है

केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधनी में आयोजित यादव समाज के प्रतिभा सम्मान समारोह में संबोधित करते हुए कहा कि, यदुवंश अद्भुत है, जिसकी कीर्ति द्वापर युग से लेकर आज तक अमर और अजर है। यह यदुवंश का ही प्रेम है कि, सृष्टि का सृजन और संहार करने वाला परमात्मा भी इसी वंश में जन्म लेता है। अगर प्रेम की प्रतिमूर्ति कोई है, तो वह कन्हैया को गोद में खिलाने वाली यशोदा मैया हैं। यदुवंश वह दिव्य वंश है, जिसकी गोद में निर्गुण-निराकार परमेश्वर भी सगुण और साकार रूप में अवतरित होता है। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि धन्य है वह समाज, जिसने भगवान श्रीकृष्ण का सान्निध्य पाया। जिसने इंद्र के अहंकार को चुनौती दी और गोवर्धन पर्वत को उंगली पर उठाकर यह संदेश दिया कि, अहंकार किसी का स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि, यदुवंश के पास गोपाल भी हैं, गौ-माता भी हैं और गीता जी भी हैं। कन्हैया ने गीता के माध्यम से पूरे विश्व को आश्वस्त किया कि, जब-जब धर्म की हानि होगी, अधर्म बढ़ेगा, तब-तब मैं धर्म की रक्षा के लिए इस धरती पर अवतार लूंगा। अन्न के भंडार भरने हों, तो यादव समाज है। यह समाज परिश्रम, त्याग और धर्म के मार्ग पर चलने वाला समाज है। जो कण-कण में कृष्ण को और जन-जन में जगदीश को देखे, वही यदुवंशी है। जो अन्याय पर विजय पाने के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दे, वही यदुवंशी है। उन्होंने कहा कि, जो गौ-माता और गाँव की सेवा को ही गोविंद की पूजा मान ले, जो देश की मिट्टी को अपने माथे का चंदन समझे, वही यदुवंश है। यदुवंश का चरित्र केवल परंपरा नहीं, बल्कि कर्म और कर्तव्य से निर्मित होता है। जो हाथ में हल लेकर अन्न के भंडार भरता है और जब देश को आवश्यकता पड़े तो सुदर्शन चक्र भी धारण कर ले वही यदुवंश है।

एनबीसीसी ने मनाया 77वां गणतंत्र दिवस

सवेरा न्यूज/स.ह.

नई दिल्ली, 30 जनवरी : एनबीसीसी ने नई दिल्ली के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में 77वें गणतंत्र दिवस पूरे उत्साह और देशभक्ति के साथ मनाया। इस आयोजन का शुभारंभ के. पी. महादेवास्वामी, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनबीसीसी द्वारा राष्ट्रीय तिरंगे को फहराने के साथ किया गया। इस दौरान अंजीव कुमार जैन, निदेशक (वित्त), वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इस मौके पर राष्ट्रीय गान गाया गया।

सभा को संबोधित करते हुए अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनबीसीसी ने स्वतंत्रता को प्राप्त करनेहेतु किए गए बलिदानों को याद किया तथा विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने के लिए समर्पण और निष्ठा के साथ निरंतर कार्य करने पर बल दिया। उन्होंने परियोजनाओं को समय पर पूरा करने और गुणवत्ता एवं सुरक्षा के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के महत्व पर भी जोर दिया। उन्होंने 77वें गणतंत्र दिवस पर भारत के संविधान के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की भी पुनः पुष्टि की।

अपने संबोधन का समापन उन्होंने तीन जोशपूर्ण नारों 'जय हिंद!', 'भारत माता की जय!' तथा 'वंदे मातरम्!' के साथ किया।

भारतीय पर्वतारोही ज्योति शर्मा ने रचा इतिहास; माउंट किलिमंजारो पर सबसे तेज चढ़ाई का विश्व रिकॉर्ड

42 वर्षीय ज्योति शर्मा ने तिरंगे के साथ मात्र 2 दिन 19 घंटे 44 मिनट में अफ्रीका की सबसे ऊंची चोटी फतह करने का विश्व रिकॉर्ड बनाया

सवेरा न्यूज/कुलभूषण

नई दिल्ली, 30 जनवरीः भारत की होनहार पर्वतारोही ज्योति शर्मा ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश का गौरव बढ़ाते हुए एक नया इतिहास रच दिया है। 42 वर्षीय ज्योति शर्मा ने 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी 2026 को सुबह 8 बजकर 18 मिनट पर अफ्रीका की सबसे ऊंची चोटी माउंट किलिमंजारो (ऊंचाई 5,895 मीटर) पर सबसे तेज चढ़ाई कर विश्व रिकॉर्ड अपने नाम किया। उन्होंने यह चुनौतीपूर्ण अभियान मात्र 2 दिन 19 घंटे 44 मिनट में पूरा कर एक नई मिसाल कायम की। ज्योति के इस उद्देश्य ने पूरे देश और परिवार और को गर्व महसूस कराया है। यह उपलब्धि न केवल भारतीय पर्वतारोहण और खेल जगत के लिए प्रेरणास्रोत है, बल्कि युवाओं को साहस, समर्पण और देशभक्ति का संदेश भी देती है।

पिछले कई वर्षों से पर्वतारोहण में सक्रिय ज्योति शर्मा ने अत्यधिक ठंड, कठिन मौसम, ऊंचाई और शारीरिक चुनौतियों का साहसपूर्वक सामना करते हुए यह असाधारण उपलब्धि हासिल की। अपनी इस ऐतिहासिक सफलता को उन्होंने देश को समर्पित करते हुए कहा कि किसी भी लक्ष्य को पाने के लिए उम्र कभी बाधा नहीं बनती, बल्कि दृढ़ संकल्प, अनुशासन और मजबूत हौसले ही सफलता की असली कुंजी होते हैं।

अपने पर्वतारोहण सफर के बारे में बताते हुए ज्योति शर्मा ने कहा कि वर्ष 2023 में उन्होंने पश्चिम बंगाल की सबसे ऊंची चोटी सैंडकफू पर सफल चढ़ाई की। इसके बाद 2024 में एवरेस्ट बेस कैंप तक पहुंचकर अपने धैर्य और संकल्प का परिचय दिया। वहीं, 2025 में पर्वत प्रशिक्षण के साथ यूनाइटेड किंगडम की सबसे ऊंची चोटी बेन नेविस को भी सफलतापूर्वक फतह किया। इन सभी अनुभवों ने किलिमंजारो अभियान की तैयारी को और अधिक मजबूत बनाया।

इस विश्व रिकॉर्ड का श्रेय देते हुए ज्योति शर्मा ने अपने पति और बेटे का आभार व्यक्त किया और कहा कि उनकी निरंतर हौसला-अफजाई, समर्थन और विश्वास ने उन्हें हर कठिन चुनौती का सामना करने और विश्वस्तरीय मुकाम हासिल करने की शक्ति दी।

भारतीय शिक्षा बोर्ड का अहम कदम, जिले के वनवासी क्षेत्र भेजा जंगली में तथागत ग्लोबल गुरूकुलम का हुआ भूमि पूजन, वनांचल में खुशी

10 से 12 गांवों के आदिवासी और ग्रामीण बालक-बालिकाओं को मिलेगा लाभ

सवेरा न्यूज/ स.ह.

हरिद्वार, 30 जनवरी : छत्तीसगढ राज्य के बालोद जिले के गुरु र विकासखंड अंतर्गत सुदूर आदिवासी ग्राम भेजा जंगली में तथागत ग्लोबल गुरु कुलम का विधिवत भूमि पूजन हुआ। यह आयोजन जनजातीय विकास के उद्देश्य से जकवार फाउंडेशन और तथागत ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। भूमि पूजन के दौरान भारतीय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष एवं रिटायर्ड आईएएस एनपी सिंह तथा अनुसूचित जनजाति आयोग के पूर्व अध्यक्ष जीआर राणा सहित बालोद जिले के गुरूर विकासखंड अंतर्गत बडी तादाद में आदिवासी ग्रामीण मौजूद रहें। भूमि पूजन से पूर्व राजा राव बाबा और कंकालीन माता की पूजा-अर्चना की गई। इसके पश्चात शहीद वीर नारायण सिंह के तैलीय चित्र पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्र म में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए एनपी सिंह ने कहा कि इस गुरु कुलम की स्थापना का उद्देश्य समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े आदिवासी और ग्रामीण बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से जोड़कर उनका भविष्य सुरक्षित करना है। उन्होंने कहा कि जब तक सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को शहरों जैसी शिक्षा नहीं मिलेगी तब तक विकसित भारत का सपना अधूरा ही रहेगा।

उन्होंने स्पष्ट किया कि भेजा जंगली में स्थापित होने वाला यह विद्यालय शिक्षा के स्तर पर दिल्ली और अन्य बड़े शहरों के प्रतिष्ठित स्कूलों के समान होगा। यहां बच्चों को केवल अकादमिक शिक्षा ही नहीं बल्कि जीवन मूल्यों और संस्कारों की भी शिक्षा दी जाएगी। गुरु कुलम में निशुल्क शिक्षा के साथ-साथ पर्सनालिटी डेवलपमेंट, करियर गाइडेंस, केंद्रीय बलों एवं सेना भर्ती की तैयारी, रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्र म तथा महिलाओं को कुटीर उद्योग से जोड़ने का प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें। आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन मेधावी विद्यार्थियों को आगे बढ़ने का पूरा अवसर प्रदान किया जाएगा।

श्री सिंह ने कहा कि इस विद्यालय का निर्माण कार्य फरवरी माह से प्रारंभ किया जाएगा। उन्होंने यह भी संकल्प व्यक्त किया कि जब राजा राव पठार में राजा राव की पूजा का आयोजन होगा, उसी समय गुरु कुलम का उद्घाटन भी किया जाएगा। उन्होंने विश्वास जताया कि राजा राव के आशीर्वाद से यहां पढ़ने वाले बच्चे आगे चलकर आईएएस, आईपीएस, न्यायाधीश जैसे उच्च पदों तक पहुंचेंगे और तभी इस पहल को सफल माना जाएगा।

उन्होंने कहा कि इस गुरु कुलम से भेजा जंगली सहित आसपास के 10 से 12 गांवों के आदिवासी और ग्रामीण बालक-बालिकाओं को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। भूमि पूजन की इस ऐतिहासिक पहल से पूरे वनांचल क्षेत्र में खुशी की लहर देखने को मिली। कार्यक्र म में ग्राम पंचायत की सरपंच शीला यादव, पंच नागेश्वर सलाम, दिनेश यादव, बलराम गोटी स हित अनेक जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

THIS IS A PUBLIC ANNOUNCEMENT FOR INFORMATION PURPOSES ONLY. THIS IS NOT A PROSPECTUS ANNOUNCEMENT AND DOES NOT CONSTITUTE AN INVITATION OR OFFER TO ACQUIRE, PURCHASE OR SUBSCRIBE TO SECURITIES.
THIS PUBLIC ANNOUNCEMENT IS NOT INTENDED FOR PUBLICATION OR DISTRIBUTION, DIRECTLY OR INDIRECTLY OUTSIDE INDIA.

GROVER JEWELLS LIMITED

(Scan this QR to view the RHP)

GROVER JEWELLS LIMITED

(formerly known as GROVER CHAIN PRIVATE LIMITED)

CIN: U36910DL2021PLC388184

Our company was originally incorporated as a Private Limited Company under the name *"Grover Chain Private Limited"* on October 12, 2021, in accordance with the Companies Act, 2013 vide Certificate of Incorporation, bearing the corporate identification number (CIN) U36910DL2021PTC388184 issued by the Registrar of Companies, Central Registration Centre. Later, the name of the Company has been changed to *"Grover Jewells Private Limited"* in accordance with the Companies Act, 2013 pursuant to a Certificate of Incorporation issued by Registrar of Companies, Central Processing Centre on February 17, 2025 with the corporate identification number (CIN) being U36910DL2021PTC388184. Subsequently, our company was converted into Public Limited Company under the Companies Act, 2013 and the name of our Company was changed to *"Grover Jewells Limited"* vide a fresh Certificate of Incorporation consequent upon conversion from Private Company to Public Company dated April 02, 2025, bearing Corporate Identification Number (CIN) U36910DL2021PLC388184, issued by Registrar of Companies, Central Processing Centre. For further details of change in name and registered office of our company, please refer to section titled *"Our History and Certain Corporate Matters"* beginning on page no 147 of the Red Herring Prospectus.

Registered & Corporate Office: House No C-44/5 1st Floor Lawrance Road Industrial Area, Keshavpuram Ind Area, North West, Delhi-110035, India
Tel No: +91 9218012596 | **E-mail:** cs@groverjewells.com | **Website:** www.groverjewells.com
Contact Person: Ms. Drishti Jaiswal, Company Secretary & Compliance Officer

THE PROMOTERS OF OUR COMPANY ARE (I) MR. DEEPAK KUMAR GROVER, (II) MR. LAVKESH KUMAR GROVER AND (III) MRS. BHAWNA GROVER

THE ISSUE

THIS ISSUE IS MADE THROUGH BOOK BUILDING PROCESS, IN TERMS OF CHAPTER IX OF THE SECURITIES AND EXCHANGE BOARD OF INDIA (ISSUE OF CAPITAL AND DISCLOSURE REQUIREMENTS) REGULATIONS, 2018 (THE "SEBI (ICDR) REGULATIONS"), AS AMENDED READ WITH RULE 19(2)(B) OF SECURITIES CONTRACT (REGULATION) RULES, 1957, AS AMENDED.

THE EQUITY SHARES ARE PROPOSED TO BE LISTED ON SME PLATFORM OF NSE ("NSE EMERGE"). NSE SHALL BE THE DESIGNATED STOCK EXCHANGE

INITIAL PUBLIC OFFER OF UP TO 38,44,800 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹10/- EACH ("EQUITY SHARES") OF GROVER JEWELLS LIMITED (THE "COMPANY" OR THE "ISSUER") FOR CASH AT A PRICE OF ₹[•]/- PER EQUITY SHARE, INCLUDING A SHARE PREMIUM OF ₹[•]/- PER EQUITY SHARE (THE "ISSUE PRICE"), AGGREGATING TO ₹ [•] LAKHS ("THE ISSUE"), OF WHICH 1,93,600 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹10/- EACH FOR CASH AT A PRICE OF ₹[•]/- PER EQUITY SHARE, AGGREGATING TO ₹ [•] LAKHS WILL BE RESERVED FOR SUBSCRIPTIONS BY THE MARKET MAKER TO THE ISSUE (THE "MARKET MAKER RESERVATION PORTION"). THE ISSUE LESS MARKET MAKER RESERVATION PORTION I.E., ISSUE OF UP TO 36,51,200 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹10/- EACH FOR CASH AT A PRICE OF ₹[•]/- PER EQUITY SHARE, AGGREGATING TO ₹ [•] LAKHS IS HERE IN AFTER REFERRED TO AS THE "NET ISSUE". THE ISSUE AND THE NET ISSUE WILL CONSTITUTE 26.50% AND 25.17% RESPECTIVELY OF THE POST ISSUE PAIDUP EQUITY SHARE CAPITAL OF THE COMPANY.

PRICE BAND: ₹ 83/- to ₹ 88/- PER EQUITY SHARE OF FACE VALUE OF ₹ 10/- EACH

THE FLOOR PRICE IS 8.3 TIMES THE FACE VALUE OF THE EQUITY SHARES AND THE CAP PRICE IS 8.8 TIMES OF THE FACE VALUE OF THE EQUITY SHARES.

THE PRICE TO EARNING RATIO BASED ON DILUTED EPS FOR FISCAL 2025 AT THE FLOOR PRICE IS 11.61 TIMES AND AT THE CAP PRICE IS 12.31 TIMES.

BIDS CAN BE MADE FOR A MINIMUM OF 3200 EQUITY SHARES AND IN MULTIPLES OF 1600 EQUITY SHARES THEREAFTER

CORRIGENDUM TO THE RED HERRING PROSPECTUS DATED JANUARY 28, 2026 AND PRE-ISSUE ADVERTISEMENT DATED JANUARY 29, 2026

Potential Bidders are requested to note the following modification to the disclosures made in the Red Herring Prospectus ("RHP") dated January 28, 2026 and the Pre-Issue Advertisement dated January 29, 2026 published in
1. English National Daily - all editions- Financial Express, 2. Hindi National Daily - all editions- Jansatta and, 3. Regional Language Newspaper - Dainik Savera Times - Delhi Edition on January 30, 2026:
The revised allocation of the Issue is as below:

ALLOCATION OF THE ISSUE	
QIB PORTION	NOT MORE THAN 18,22,400 EQUITY SHARES I.E. 49.91% OF THE NET ISSUE, OUT OF WHICH ANCHOR INVESTOR PORTION SHALL BE UPTO 10,92,800 EQUITY SHARES
INDIVIDUAL INVESTORS PORTION	NOT LESS THAN 12,80,000 EQUITY SHARES I.E. 35.06% OF THE NET ISSUE
NON-INSTITUTIONAL PORTION	NOT LESS THAN 5,48,800 EQUITY SHARES I.E. 15.03% OF THE NET ISSUE
MARKET MAKER PORTION	1,93,600 EQUITY SHARES I.E. 5.04% OF THE ISSUE

Note: The disclosure relating to the Individual Investor Portion, earlier comprising 12,78,400 Equity Shares has been revised to 12,80,000 Equity Shares to make it divisible by the minimum application/allotment size of 3,200 Equity Shares (i.e., 2 lots).

Consequently, the allocation to the Qualified Institutional Buyers ("QIB") Portion also stands revised from 18,24,000 Equity shares to 18,22,400 Equity Shares and Anchor Investor Portion also stands revised from 10,94,400 Equity shares to 10,92,800 Equity Shares.

The following information disclosed under chapter titled "Issue Structure" beginning on page 261 in the RHP dated January 28, 2026 shall stand modified in the manner indicated below wherein the word "Issue" has been replaced by "Net Issue":

SECTION IV INTRODUCTION - ISSUE STRUCTURE

Maximum Application Size - under Non – Institutional Investors should be read as - Such number of Equity Shares in multiples of [•] Equity Shares face value of ₹10 each not exceeding the size of the Net Issue (excluding the QIB portion), subject to limits as applicable to the Bidder.

The above modification shall be read in conjunction with the Red Herring Prospectus dated January 28, 2026, Pre Issue Advertisement dated January 29, 2026 and all other offer documents unless stated otherwise. Accordingly, all references to such information in the Red Herring Prospectus and all other offer documents shall stand updated pursuant to this Corrigendum.

All capitalised terms used herein, unless the context otherwise requires, shall have the meaning assigned to them in the Red Herring Prospectus.

BOOK RUNNING LEAD MANAGER TO THE ISSUE	REGISTRAR TO THE ISSUE	COMPANY SECRETARY AND COMPLIANCE OFFICER
FINSHORE MANAGEMENT SERVICES LIMITED 'Anandlok', Block-A, 2nd Floor, Room No. 207, 227 A.J.C Bose Road, Kolkata-700020, West Bengal Telephone: 033 – 2289 5101 / 4603 2561 Email: info@finshoregroup.com Website: www.finshoregroup.com Investor Grievance Email: investors@finshoregroup.com Contact Person: Mr. S. Ramakrishna Iyengar SEBI Registration No: INM000012185 CIN: U74900WB2011PLC169377	MAASHITLA SECURITIES PRIVATE LIMITED 451, Krishna Apra Business Square, Netaji Subhash Place, Pitampura, New Delhi-110034, India Telephone: +91-11-45121795 / 011-47581432 Email: ipo@maashitla.com Contact Person: Mr. Mukul Agarwal Website: www.maashitla.com Investor Grievance Email: investor.ipo@maashitla.com SEBI Registration Number: INR000004370 CIN: U67100DL2010PTC208725	Ms. Drishti Jaiswal Grover Jewells Limited House No C-44/5 1st Floor Lawrance Road Industrial Area, Keshavpuram Ind Area, North West, Delhi-110035, India Contact Person: Mr. Sunny Grover Contact No: +91 9218012600 Email ID: ceo@groverjewells.com Website: www.groverjewells.com

For GROVER JEWELLS LIMITED
On behalf of the Board of Directors
Sd/-
Deepak Kumar Grover
Managing Director
DIN: 09357414

Place : Delhi
Date : 30.01.2026